# सुशासन में जनसहभागिता महत्वपूर्ण, आमजन को मिले उन्नत सुविधाओं का लाभ : मेघवाल

केन्द्रीय कानून व न्याय राज्य मंत्री ( स्वतंत्रा प्रभार ) और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल चूरू दौरे पर रहे।

■ केंद्रीय कानून व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर आयोजित 'सुशासन कार्यशाला' में की शिरकत, चूरू कलेक्टर के रूप में अनुभवों को किया साझा

**चूरू ।** केन्द्रीय कानून व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सोमवार को चूरू दौरे पर रहे। मेघवाल ने जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित 'सुशासन कार्यशाला' में शिरकत की। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में नवाचार व सुशासन गतिविधियों की जानकारी दी और मुख्य अतिथि मेघवाल को चंदन की लकड़ी से बनी कलाकृति व पंच गौरव से जुड़े उत्पाद स्मृति-चिन्ह के रूप में भेंट किए। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि सुशासन को स्थापित करने में अधिकतम जनसहभागिता हो।

शासन- प्रशासन समन्वय से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सोच को साकार करते हुए सुशासन स्थापित करने के लिए काम करें। प्रशासन सरकार और आमजन के बीच की कड़ी के रूप में काम करें और आमजन की समस्याओं व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुशासन गतिविधियों को अपनाए। शासन-प्रशासन की मंशानुरूप अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नवाचारी गतिविधियों के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें। नवाचारों और जनकल्याणकारी निर्णयों के माध्यम से बेहतर सुविधाओं का लाभ आमजन को मिले। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने वर्ष 2007-08 में चूरू जिला कलेक्टर के कार्यकाल के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने चूरू कलेक्टर रहते हुए पत्रकार कॉलोनी का आवंटन, सैनिक बस्ती का विकास, सालासर में अतिक्रमण हटाने, चूरू कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर पानी भराव की समस्या का निस्तारण तथा बाबा साहब अंबेडकर व महात्मा गांधी की मूर्ति की स्थापना जैसे जनकल्याणकारी कार्य किये। इसी के साथ चूरू की लोक संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को संजोते हुए 'चूरू उत्सव' आयोजित किया। चूरू उत्सव में स्थानीय विशेषताओं को संरक्षित करते हुए जिले के सभी ब्लॉक में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अल्लाह जिलाई बाई की मांड 'प्यारौ म्हारो देस' व जगजीत सिंह की गजल गाकर बेहतरीन सुशासन के लिए सामाजिक व प्रशासनिक गतिविधियों में सुशासन प्रैक्टिस के टिप्स बताए।

उन्होंने कहा कि उनकी चूरू में वकीलों के चैम्बर बनाने की मंशा है। इसलिए आवश्यक प्रस्ताव बनवाते हुए समुचित कार्यवाही की जाए एवं पत्रकार कॉलोनी में भू-खंडों के अलॉटमेंट के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे नवाचार हर क्षेत्र में बेहतरीन उपलब्धियों में परिलक्षित होंगे। उन्होंने बतौर कलेक्टर मेघवाल के चूरू कार्यकाल की यादों को ताजा करते हुए कहा कि आपने चूरू की संस्कृति को संजीदा रखा और शासन-प्रशासन के साथ सुशासन स्थापित करने में अपना विशेष योग दिया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि आमजन को बेहतरीन सुविधाओं का लाभ मिले और शासन- प्रशासन मिलकर एकजुट रहते हुए सुविधाओं के विकास के लिए काम करें व सुशासन ही अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का परम ध्येय हो। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जिले में नवाचारों एवं सुशासन गतिविधियों की जानकारी दी।

## खास सुरक्षा से नाम हटाने का अंतिम मौका 31 जनवरी,

**सीकर,**(निसं)। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत - अभियान चल रहा है। विभागीय निर्देशानुसार इस अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित सक्षम परिवार अपना नाम स्वेच्छा से 31 जनवरी 2025 तक हटवा सकते है। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम परिवारों द्वारा निर्धारित समयावधि में स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने पर अपात्र परिवारों से बाजार दर से वसूली करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि - अभियान के दौरान ऐसे व्यक्ति, परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी,अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी, अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जिविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन छोड़कर), उन्हें अपने क्षेत्र में संबंधित उचित मूल्य दुकानों पर सम्पर्क कर नाम हटाने के लिए आवेदन पत्र भरकर देना होगा। उपभोक्ताओ के द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने के लिए भरे गये फॉर्म को संबंधित सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के स्तर से नाम हटाये जा सकेंगे।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी गिरफ्तार

■ युवती का कर ले गए थे अपहरण, पुलिस की टॉप टेन की सूची में शामिल था आरोपी

**खेतड़ी, ( निसं )।** सिंघाना पुलिस ने युवती का अपहरण कर बलात्कार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने कालेज गई युवती का अपहरण कर ले गया था, जिसे पुलिस ने टॉप टेन वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया गयाथा। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि 23 नवंबर को एक व्यक्ति ने थाने पर रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी। इस दौरान राहुल चौहान उसका जबरन अपहरण कर ले गया। इस दौरान परिजनों ने आसपास के स्थानों के अलावा रिस्तेदारी में भी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नही मिल पाया है। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने पर झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर युवती को दस्तयाब करने तथा वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस टीम ने मामले की गहनता से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि एक युवक नाबालिग युवती का अपहरण कर ले गया। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की सरगर्मी से तलाश के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी तो पुलिस को सूचना मिली कि युवती के अपहरण का आरोपी सिंघाना कस्बे में गंगा मंदिर कुंड के पास आया हुआ है।

जिस पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर सिंघाना निवासी राहुल कुमार पुत्र सुरेंद्र बावरिया को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एचसी विकास लांबा, सुरेन्द्र कुमार, कुलदीप, कांस्टेबल सुशील कुमार, निहाल सिंह, विकास कुमार, महिला कांस्टेबल सोनिया, सुशीला आदि शामिल थे।

## जागरूकता रैली व थीम आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सीकर ।** श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में जिला रसद विभाग व जिला उपभोक्ता जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मनाए जा रहे उपभोक्ता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को उपभोक्ता जागरूकता रैली व थीम आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तृप्ति त्रिपाठी सिखवाल कंज्यूमर कनफेडरेशन ऑफ़ इंडिया सीसीआई की जिलाध्यक्ष व जिला उपभोक्ता जागरण समिति सचिव ने बताया की उपभोक्ता जागरूकता रैली का प्रारंभ महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ अंजू सीमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। बालिकाओं ने रैली के दौरान "जागो ग्राहक,पाओ हक" व "उपभोक्ताओं का कल्याण हो,अधिकारों का ज्ञान हो" तथा "जागो ग्राहक लो अधिकार,साथ तुम्हारे है सरकार" आदि नारे लगाकर क्षेत्र वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया।समिति सदस्य कोमल सहित महाविद्यालय से सरिता शर्मा, गीता माथुर, पूनम , दीप्ति तिवारी ने सहयोग किया।

**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल सैनी पुत्र श्री बैजनाथ सैनी ने अपने स्वामित्व की सम्पति वाके भूखण्ड को भारतीय स्टेट बैंक शाखा चूरू के पास प्राप्त ऋण की सुरक्षा हेतु बंधक रखा हुआहैं। उक्त सम्पति के दस्तावेज में ग्राम पंचायत रतननगर के द्वारा जारी असल पट्टा संख्या 13 मिसल सं. 128 दिनांक 29.05.1967 का है। जो बैजाराम पुत्र दानाराम के नाम से जारीशुदा है तथा इस सम्पति में बहनों एवं माता के द्वारा शंकरलाल सैनी के पक्ष में अपना हिस्सा परित्याग करके दिनांक 27.11.2012 को एक परित्याग पत्र शंकरलाल सैनी के नाम से जारी है। उक्त वर्णित पट्टे का लेमिनेशन करवाया गया था तथा असल लेमिनेटेड पट्टा भारतीय स्टेट बैंक के पास बंधक के अधीन है। सम्पति स्वामी शंकरलाल सैनी द्वारा उक्त सम्पति को पुनः नये ऋण की प्रतिभूति स्वरूप बंधक रखे जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त असल लेमिनेटेड पट्टे की वैधता के बाबत अथवा पट्टे को बंधक रखे जाने के बाबत किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को कोई उज्जर आपत्ति ऐतराज हो, तो सूचना दे। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर निम्न पते/नम्बर पर सम्पर्क कर मय प्रमाण अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद मेरा बैंक उक्त सम्पति को बंधक के रूप में स्वीकार करने हेतु स्वतंत्र रहेगा था कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**शंकरलाल सैनी पुत्र बैजनाथ सैनी, निवासी वार्ड संख्या 10 कटारिया का मौहल्ला, रतननगर जिला चूरू, मो. 7014727936**

## अंबेडकर सर्किल के पास दो ऑफिस में चोरों ने दी दबिश

**सादुलपुर ,**(निसं)। राजगढ के अमेडकर सर्किल के पास हिसार रोड़ पर रविवार रात्रि को एक ही रात में चोरों ने दो ऑफिसों को अपना निशाना बनाया। सोमवार शाम को चार बजे मिली जानकारी में अज्ञात चोर ऑफिस का ताला तोड़ दुकानों से नगदी व सीसीटीवी की डीवीआर भी उखाड़ कर ले गए। सोमवार को सुबह घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन सामान सप्लाई के दो ऑफिसों में अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे व दुकान में रखे करीब दो लाख नगद रुपये चोरी कर ले गए। दुकानदार श्री भगवान ने बताया कि उसने ईकॉम एक्सप्रेस के नाम से ऑफिस कर रखा है। जो रविवार शाम ऑफिस बन्द करके गए थे, सोमवार सुबह आकर देखा तो ताला टूटा हुआ मिला व अंदर रखे 27 हजार 400 रुपये गायब मिले। जो कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

वही सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी चोर उखाड़ ले गए। वही दूसरे दुकानदार योगेंद्र ने बताया कि उनकी वन वलर्ड लॉजिस्टिक फिलिप कार्ड के नाम से ऑनलाइन सामान सप्लाई की दुकान है, जिसके ऊपर के टेरिस का ताला टूटा हुआ मिला।दुकान के अंदर चेक किया तो करीब डेढ़ लाख रुपये नगदी गायब मिले, तथा अज्ञात चोर लोकर को तोड़कर नगदी ले गए व डीवीआर भी साथ उखाड़ ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है।

## पवन कुमार आई क्यूए अवार्ड से सम्मानित

पवन कुमार को अतिथियों ने माल्यार्पण कर इंटरनेशनल क्वालिटी अवॉर्ड आई क्यूए अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**चूरू ।** भारतीय जीवन बीमा निगम की मुख्य शाखा में सोमवार को अभिकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर डिवीजन के विपणन प्रबंधक सुभाष सांखला थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चूरू शाखा प्रबंधक अनिल कासनिया व अतिरिक्त शाखा प्रबंधक नवीन सैनी थे। इस अवसर पर अभिकर्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अभिकर्ता पवन कुमार को अतिथियों ने माल्यार्पण कर इंटरनेशनल क्वालिटी अवॉर्ड आई क्यूए अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद पवन कुमार ने बताया कि यह अवार्ड क्वालिटी का काम करने वाले अभिकर्ताओं को दिया जाता है, जो लगातार शतकवीर अभिकर्ता बनते हैं और अपने पुराने बिजनेस को 90 प्रतिशत से ज्यादा चालू कंडीशन में बनाए रख पाते हैं। पवन कुमार ने यह उपलब्धि लगातार 11वीं बार 100 से ज्यादा पॉलिसी देने पर प्राप्त हुई। तथा दूसरी बार एमडीआरटी यूएस की उपाधि को हासिल किया है। पवन ने कहा कि एलआईसी से समय-समय पर पहले भी अनेक अवार्ड मिले हैं, पर एलआईसी द्वारा इंटरनेशनल क्वालिटी अवॉर्ड मिलना अपने आप में एक बहुत बड़ी सौगात है। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि एक अभिकर्ता को उसके काम के प्रति ईमानदारी, लगन व समर्पण को दर्शाता है। इस दौरान पवन ने चूरू शाखा परिवार व बीकानेर डिवीजन के सभी पदाधिकारियों व विपणन प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामचन्द्र राजोतिया, मनोज षर्मा, दयानन्द सिंह, प्रभुदयाल प्रजापत, सुरेन्द्र षर्मा, भवंरलाल जांगिड़, रामकुमार ढ़ाका आदि को भी सम्मानित किया गया।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SALASAR, P.S. SUJANGARH (CHURU)**

No.: Proc./2024-25/331 Date: 19/12/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for various civil construction work are invited from interested bidders for upto 6:00 PM of 25-12-2024 Other particulars of the bid may be visited on procurement portal http://sppp.raj.nic.in the and at Gram Panchayat SALASAR office in all working days.

NIB No. ZCR2425A0704
UBN No. ZCR2425WSRC01346
UBN No. ZCR2425WSRC01347
UBN No. ZCR2425WSRC01348
UBN No. ZCR2425WSRC01349

Village Development Officer, Gram Panchayat Salasar, Panchayat Samiti Sujangarh
Sarpanch, Gram Panchayat Salasar, Panchayat Samiti Sujangarh

## सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

■ स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विनय गहलोत एवं मौसमी एवं मच्छरों जनित बीमारियों के बचाव हेतु रोग प्रतिरोध क्षमतावर्धक क्वाथ वितरण अभियान के सम्बन्ध में जिला आयुर्वेद अधिकारी प्रदीप शर्मा द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया

**पाटन,** (निसं)। सोमवार को सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख ने उपस्थित समस्त अधिकारियों का स्वागत करते हुए सुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला। नवाचार के रूप में सिलिकोसिस के बचाव हेतु जिले में आयोजित किये गए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विनय गहलोत एवं मौसमी एवं मच्छरों जनित बीमारियों के बचाव हेतु रोग प्रतिरोध क्षमतावर्धक क्वाथ वितरण अभियान के सम्बन्ध में जिला आयुर्वेद अधिकारी प्रदीप शर्मा द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में सुशासन के सम्बन्ध में वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

**विजन डॉक्यूमेंट 2047 :-** विजन डॉक्यूमेंट 2047 में जिले को 2047 तक विकसित बनाने के लिए विभागवार कार्ययोजना का समायोजन किया गया है। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग की कार्य योजना का प्रजेंटेशन दिया। जिला स्तरीय कार्यशाला में जिले के विजन डॉक्यूमेंट 2047 का अनुमोदन किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने सभी अधिकारियों को अनुशासित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाते हुए आमजन की समस्याओं का निस्तारण करें। अधिकारी नवाचार करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा की हम अपने समय का सदुपयोग कर अपने कार्य भार के दबाव को कम करके स्वस्थ जीवन यापन कर सकते है। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग में कार्मिको के बीच में विश्वाश के वातावरण का निर्माण करे।इस दौरान एसीईओ सुनील ढाका,एसीपी मुकेश गाड़ोदिया सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## थान में कैंप आयोजित

**सादुलपुर,( निसं )।**स्थानीय मोहता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन आज विभिन्न गतिविधियां हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिनेश बासोतिया ने बताया कि इकाई द्वितीय की स्वयंसेविकाओं ने गोद ली बस्ती इंदिरा कॉलोनी के पास स्थित नेत जी के थान में कैंप आयोजित किया। इस अवसर पर कैंप प्रभारी डॉ दिनेश बासोतिया के निर्देशन में उन्होंने बस्ती में जन संपर्क कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा इन योजनाओं को हर एक जरूरतमद तक पहुंचने की अपील की। इस दौरान उप प्राचार्य संजू शर्मा , अरविन्द गौड़ डॉ गजेंद्र सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों की गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो लीला महर्षि, श्री कांत शर्मा, मनोज ढाका का विशेष सहयोग रहा। इकाई प्रथम के कैंप मैं कार्यक्रम अधिकारी प्रो नवीन कुमार के नेतृत्व में गोद ली बस्ती ढाणी दामामियांन साइबर सुरक्षा कार्यक्रम हुए जिसमे साइबर एक्सपर्ट प्रो अजय पांडे ने सायबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया व उनसे बचने के उपाय बताए।

## वेद हमारी भारतीय संस्कृति के स्त्रोत हैं : डॉ. शर्मा

■ लोहिया कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा व वेद विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**चूरू ।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय में संस्कृत विभाग की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा व वेद विषय पर सोमवार को विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ष्षुभारम्भ प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. उम्मेद गोठवाल व डॉ. मोहम्मद जावेद ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मूलचन्द ने आगंतुक अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। पत्र वाचन के अंतर्गत ममता गहलोत ने भारतीय ज्ञान परंपरा व काव्यशास्त्र का उद्भव एक अध्ययन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। लक्षिता गहलोत ने भारतीय ज्ञान परंपरा व संहिताओं का प्रतिपाद्य विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। कल्पना ने वेदों का रचना क्रम व अभ्यास विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सुशीला ने उपनिषदों में आत्म तत्व, विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। हर्षिता जांगिड़ ने वैदिक साहित्य में अग्नि सूक्त का वैशिष्ट्य, गुंजन प्रजापत ने व्याकरण के प्रयोजन एक अध्ययन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डिंपल स्वामी ने भारतीय ज्ञान परंपरा व वेदांग एक अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि वेद हमारे भारतीय संस्कृति के स्त्रोत है। विशिष्ट अतिथि प्रो. उम्मेद गोठवाल ने कहा कि अतीत ही वर्तमान को प्रभावित नहीं करता अपितु वर्तमान भी अतीत को प्रभावित करता है। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद जावेद ने भी विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी में छात्र पायल जांगिड़, प्रियंका, सुमन, गंगा प्रजापत आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गुंजन प्रजापत व डिंपल स्वामी ने किया।

## उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**सीकर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा जिले में 31 अगस्त 2024 तक नगर पालिका रींगस में रिक्त हुए वार्ड नम्बर 12 के सदस्य एवं नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर उप चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित किया गया है।

**वार्ड सदस्य के रिक्त पद के लिए उप चुनाव कार्यक्रम :-** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि लोक सूचना जारी करने की तिथि 26 दिसम्बर 2024 गुरूवार को, नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर 2024 सोमवार को प्रात:10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक, नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 31 दिसम्बर 2024 मंगलवार को प्रात:10.30 बजे, अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि 2 जनवरी 2025 गुरूवार अपराह्न 3 बजे तक, चुनाव चिन्हों का आवंटन 3 जनवरी 2025 शुक्रवार, मतदान की तिथि एवं समय 9 जनवरी 2025 गुरूवार को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक, मतगणना की तिथि एवं समय 10 जनवरी 2025 शुक्रवार को प्रात :9 बजे से होगी।

## खेतड़ी नगर में मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

जाट धर्मशाला में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

■ प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आव्हान

**खेतड़ी, ( निसं ) ।** खेतड़ीनगर के सुभाष मार्केट स्थित जाट धर्मशाला में सोमवार शाम को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश भरगड़, विशिष्ट अतिथि शमशेर चौधरी, सुभाष राव, अध्यक्षता ओम प्रकाश लाम्बा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रकाश भरगड़ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने देश को विकास की गति में ले जाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। ऐसे मेंयुवाओं कोसमाजकी मुख्यधारा में जोड़ने वसमाजके विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।समाजको विकास की गति ले जाने मेंसमाजके लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।समाजको प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। आज के समय में युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं जोसमाजके लिए बहुत ही गलत है। ऐसे में युवाओं को संस्कारित बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथासमाजके प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित भी करना चाहिए।बैठकमें सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुएसमाजसे कुरीतियों को दूर करने वसमाजको संगठित करने पर जोर दिया। आने वाले समय में संगठित रहकर कार्य करने से ही सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा उसका परिणाम भी बेहतर होगा।किसी भीसमाजको विकास की राह पर ले जाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। इस दौरानजाट समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश लांबा ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, गरीब परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे, उन्होंने किसानों के लिए कई योजनाएं लेकर आए। सर्व समाज के लोगों ने चौधरी चरण सिंह की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस मौके पर शेर सिंह , मनोज , सुरेश श्योराण, हरिराम, रमेश , मदन सिंह, हरपाल , प्रदीप सीगड़, संदीप, सतवीर, राजकुमार, कुलदीप मान, उम्मेद , ओम प्रकाश , नरेश कुमार आदि ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राजस्थान सरकार
विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादी के नाम
आव्हान पत्र
(आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)
न्यायालय माननीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, स्थान-चूरू (राज.)
पवन कुमार आदि विरूद्ध शिव कुमार आदि
वाद बाबत विभाजन जायवाद
बनाम मु.सं.- 34 सन- 2019

नामः- 1. राजेश पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल, पता- 388 कीर्ति सदन, चौथाताला बी-2, शिवाजी नगर चैम्बर, मुम्बई, 2. प्रकाशचन्द पुत्र स्वर्गीय मानमल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-388 कीर्ति सदन, चौथातला बी-2 शिवाजी नगर, चैम्बूर, मुम्बई, 3. विश्वनाथ मोर पुत्र स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 4. सत्यनारायण मोर पुत्र स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 5. सुशील मोर पुत्र स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 6. संजय मोर पुत्र स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 7. सरोज पुत्री स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 8 संतोष पुत्री स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 9. सरिता पुत्री स्वर्गीय भंवरलाल मोर जाति अग्रवाल पता- वशिष्टों चाराली, बेलतला, गुवाहाटी (आसाम), 10. बालमुकुन्द पुत्र स्वर्गीय नंदलाल उर्फ नन्दकिशोर पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- श्याम छविगृह के पास वाली गली, मनसा माता मंदिर के पास, चूरू (राज.), 11. रेखा पत्नी स्वर्गीय विमल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- सिटी पोस्ट ऑफिस के पास, मुख्य बाजार चूरू (राज.) 12. अरविन्द पुत्र स्वर्गीय विमल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- सिटी पोस्ट ऑफिस के पास, मुख्य बाजार चूरू (राज.), 13 गुड्डी पत्नी स्वर्गीय राकेश उर्फ मनोज पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- सिटी पोस्ट ऑफिस के पास, मुख्य बाजार चूरू (राज.), 14 गोपाल पुत्र स्वर्गीय राकेश उर्फ मनोज पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- सिटी पोस्ट ऑफिस के पास, मुख्य बाजार चूरू (राज.), 15. दिनेश पुत्र स्वर्गीय राजकुमार पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-c/o संजय कुमार अग्रवाल, अग्रसेन भवन के सामने, अपर बाजार रांची (झारखण्ड), 16. सांवरमल पुत्र स्वर्गीय राजकुमार पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-c/o संजय कुमार अग्रवाल, अग्रसेन भवन के सामने, अपर बाजार रांची (झारखण्ड), 17. विजय पुत्र स्वर्गीय आत्माराम पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-c/o संजय कुमार अग्रवाल, अग्रसेन भवन के सामने, अपर बाजार रांची (झारखण्ड), 18. पवन पुत्र स्वर्गीय आत्माराम पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- आकर गंज, कला मंच, पटना (बिहार) 4, 19. श्रवण पुत्र स्वर्गीय आत्माराम पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-c/o संजय कुमार अग्रवाल, अग्रसेन भवन के सामने, अपर बाजार रांची (झारखण्ड), 20 संजय पुत्र स्वर्गीय आत्माराम पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- अग्रसेन भवन के सामने, अपर बाजार रांची (झारखण्ड), 21. पुष्पा पत्नी स्वर्गीय हरीशचंद्र भूत जाति अग्रवाल पता c/o रामजीवन अग्रवाल, टांटिया भवन के पास समस्तीपुर (बिहार), 22. अजय पुत्र स्वर्गीय रामनन्द पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-जी-69, विरस, अपार्टमेन्ट दूसरा तला, वर्ली सी फेस, मुम्बई-18, 23.सुमन पुत्री स्वर्गीय रामानन्द पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-जी-69, विरस, अपार्टमेन्ट दूसरा तला, वर्ली सी फेस, मुम्बई-18, 24. विजय पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-जी-69, विरस, अपार्टमेन्ट दूसरा तला, वर्ली सी फेस, मुम्बई-18, 25. पवन पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता-जी-69, विरस, अपार्टमेन्ट दूसरा तला, वर्ली सी फेस, मुम्बई-18, 26. विमल कुमार पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल पण्ड्रेऊवाला जाति अग्रवाल पता- एसएस क्रीयेशन, 6 हसपुकरीया लेन, दुकान संख्या-19, ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता-700007, 27. सुशील पुत्र स्व. सत्यभामा जाति अग्रवाल पता तपस्या डाईंग, रतन टाकिज के पीछे दोस्ती होटल के पास, भिवंडी, ठाणे महाराष्ट्र, 28 राजकुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीला